## संपादकीय

### भ्रांतियों से निपटने की सरकार की चुनौती

कोरोना की तीसरी लहर की आशंकाओं के बीच डेल्टा प्लस वेरिएंट का संक्रमण कई देशों में देखा जा रहा है। भारत में भी 12 राज्यों में डेल्टा प्लस से संक्रमित मरीज मिले हैं। अगले 2-3 महीनों में टीकाकरण बहुत तेजी से करना होगा। टीके को लेकर कुछ भ्रांतियां भी फैली हैं, जो कि निराधार हैं। सरकार का प्रयास हो कि तीसरी लहर के आने से पहले अधिक से अधिक लोगों का टीकाकरण कर उन्हें सुरक्षित कर दिया जाए। दूसरी लहर की त्रासदी को देखते हुए टीके ही बचाव के एकमात्र उपाय हैं। दूसरी लहर की भयावह स्थिति का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि देश में ऐसा कोई परिवार नहीं बचा होगा, जिसने अपने प्रियजन या जानने वालों को ना खोया हो। तीसरी लहर से निपटने के लिए टीकाकरण बुनियादी सुरक्षा कवच के रूप में काम करेगा।

वर्ष?2020 में भारत में कोरोना का पहला मामला केरल में दर्ज किया गया था। इस साल अप्रैल-मई के महीने में कोरोना की दूसरी लहर अपने चरम पर थी। 1 दिन में 4.2 लाख तक नये कोरोना के मामले आ रहे थे। अमेरिका में भी पहली लहर जुलाई, 2020 में चरम पर थी, लगभग 6 महीने बाद जनवरी, 2021 में दूसरी लहर पीक पर थी। तीसरी लहर आने में ज्यादा समय नहीं लगा, 3 महीने के अंदर अप्रैल में तीसरी लहर अपने पीक पर थी। भारत में भी कुछ ऐसा ही ट्रेंड देखने को मिला है।

देश में पहली लहर सितंबर, 2020 में अपने पीक पर थी। जनवरी की शुरुआत में कोरोना पर नियंत्रण पा लिया गया। फरवरी से दूसरी लहर की शुरुआत हो गई, अप्रैल, 2021 में दूसरी लहर अपने चरम पर थी। यदि ऐसा ही ट्रेंड रहा तो आगामी कुछ महीनों में तीसरी लहर अपनी दस्तक दे सकती है।

अभी तक महामारियों के संबंध में जो ज्ञात इतिहास है, उसके अनुसार दूसरी लहर पहली लहर से अधिक खतरनाक होती है, जबकि तीसरी लहर दूसरी लहर से कम खतरनाक होती है। फिलहाल कोरोना के मामले में ऐसा नहीं कहा जा सकता क्योंकि कोरोना का वायरस लगातार अपने रूप बदल रहा है। वायरस का नया वेरिएंट पहले से अधिक खतरनाक और संक्रामक है। अभी डेल्टा प्लस वेरिएंट सबसे ज्यादा खतरनाक बताया गया है जो एक चिंता का विषय है। अभी से यह अनुमान लगाना कि तीसरी लहर दूसरी लहर के मुकाबले कम खतरनाक होगी या ज्यादा खतरनाक, उचित नहीं है। सरकार और प्रशासन को सुनिश्चित करना होगा कि अस्पतालों में बेड्स, ऑक्सीजन, दवा, वेंटिलेटर जैसे अन्य मेडिकल उपकरणों की कोई कमी न हो।

गांव के लोग शिक्षित कम हैं। स्मार्टफोन और इंटरनेट की व्यवस्था सभी के पास नहीं है। ग्राम स्तर पर टीकाकरण की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए। लोगों के लिए वैक्सीनेशन सेंटर 5 किलोमीटर से दूर नहीं होना चाहिए। ऐसे लोग जो कोविन पर रजिस्ट्रेशन नहीं करवा सकते, उनके लिए सीधे वैक्सीनेशन सेंटर पर जाकर तुरंत वैक्सीन लगवाने की व्यवस्था होनी चाहिए। 23 जून, 2021 तक 32.2 करोड लोग 'कोविन' पर रजिस्टर्ड हुए हैं, उनमें से 19 करोड़ से अधिक लोग नॉन डिजिटल तरीके से रजिस्टर्ड हैं। हाल में ही सरकार ने यह स्पष्ट किया है कि ऐसे लोग जो सेल्फ रजिस्ट्रेशन कोविन पर नहीं करा सकते, सीधे वैक्सीनेशन सेंटर पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन कोविन पर करवा सकते हैं।

*-विवेक सिंह*

# फ्लेक्स-फ्यूल वाहनों के लिए दिशानिर्देश अक्टूबर तक जारी होने के आसार

**नई दिल्ली।** ऑटो कंपनियों को जल्द ही यात्री और वाणिज्यिक वाहनों के निर्माण के लिए कहा जा सकता है, जो प्रदूषणकारी जीवाश्म ईंधन के उपयोग को कम करने और हानिकारक उत्सर्जन को कम करने के उद्देश्य से कई ईंधन विन्यास पर चलते हैं। फ्लेक्स इंजनों का उपयोग करने वाले लचीले ईंधन वाहनों (एफएफवी) के उपयोग के लिए नए दिशानिर्देश चालू वर्ष (वित्तवर्ष 22) की तीसरी



तिमाही तक जारी होने की उम्मीद है जो ईंधन मिश्रण में निर्धारित परिवर्तनों के अनुरूप इंजन कॉन्फिगरेशन और वाहनों में आवश्यक अन्य परिवर्तनों को निर्दिष्ट करेगा।

सरकार वाहनों में फ्लेक्स इंजन के निर्माण और उपयोग को बढ़ावा देने के लिए एक प्रोत्साहन योजना पर भी काम कर रही है। विवरण निर्दिष्ट किया जाएगा जब इस संबंध में नीति का अनावरण किया जाएगा।

पेट्रोलियम सचिव तरुण कपूर ने पहले आईएएनएस को बताया था कि चलने वाले वाहनों के लिए जैव ईंधन के उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा लचीले ईंधन वाले वाहनों (एफएफवी) के उपयोग को सक्रिय रूप से देखा जा रहा है।

एफएफवी वाहनों का एक संशोधित संस्करण है जो इथेनॉल मिश्रणों के विभिन्न स्तरों के साथ गैसोलीन और डोप्ड पेट्रोल दोनों पर चल सकता है। ये वर्तमान में ब्राजील में सफलतापूर्वक उपयोग किए जा रहे हैं, जिससे लोगों को कीमत और सुविधा के आधार पर ईंधन (गैसोलीन और इथेनॉल) स्विच करने का विकल्प मिल रहा है। वास्तव में, ब्राजील में बेचे जाने वाले अधिकांश वाहन एफएफवी हैं।

भारत के लिए, एफएफवी एक अलग लाभ पेश करेंगे, क्योंकि वे वाहनों को देश के विभिन्न हिस्सों में उपलब्ध इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल के विभिन्न मिश्रणों का उपयोग करने की अनुमति देंगे।

मौजूदा नियम पेट्रोल में 10 फीसदी तक एथेनॉल मिलाने की इजाजत देते हैं। हालांकि, कम आपूर्ति और परिवहन चुनौतियों के कारण, 10 प्रतिशत मिश्रित पेट्रोल केवल 15 राज्यों में उपलब्ध है, जबकि अन्य राज्यों में जैव-ईंधन 0 से 5 प्रतिशत के बीच है।

एफएफवी वाहनों को सभी मिश्रणों का उपयोग करने और बिना मिश्रित ईंधन पर चलने की अनुमति देगा।

एफएफवी की शुरुआत के लिए वाहन मानकों, प्रौद्योगिकियों और रेट्रोफिटिंग कॉन्फिगरेशन को अपनाने की आवश्यकता होगी, जिसे भारी उद्योग मंत्रालय द्वारा देखा जाना होगा।

## स्मिथ को लगता है कि उपमहाद्वीप दौरा चुनौतीपूर्ण होगा

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ को लगता है कि अगस्त 2021 से जून 2023 के बीच अगले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के दौरान उपमहाद्वीप के टेस्ट दौरे उनकी टीम के लिए एक बड़ी चुनौती होंगे। ऑस्ट्रेलिया को दो साल की विंडो में 18 टेस्ट खेलने हैं, जिनमें से आठ अगले साल पाकिस्तान और श्रीलंका के खिलाफ और उसके बाद 2023 की शुरूआत में भारत का दौरा होगा।

स्मिथ ने कहा, मैंने फ्यूचर टूर्स प्रोग्राम (एफटीपी) पर एक नजर डाली है और यह बहुत व्यस्त है। इसलिए आगे देखने के लिए बहुत कुछ है। जाहिर तौर पर एशेज और फिर उपमहाद्वीप के दौरे, जो विशेष रूप से टेस्ट क्रिकेट में आपको शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से रूप से चुनौती देते है। पिछली बार ऑस्ट्रेलिया ने एशिया में टेस्ट सीरीज 2011 में श्रीलंका के खिलाफ (1-0) जीती थी। तब से, वे एक सीरीज हासिल करने में असमर्थ रहे हैं और उपमहाद्वीप में 17 में से सिर्फ दो टेस्ट जीत सके हैं।

स्मिथ ने विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप अवधारणा के बारे में सकारात्मक बात की और साउथेम्प्टन में उद्घाटन फाइनल से चूकने पर अफसोस जताया।

## महंगाई की मार : आज दूसरे दिन भी बढ़े पेट्रोल-डीजल के दाम

**नई दिल्ली।** तेल विपणन कंपनियों ने लगातार दूसरे दिन पेट्रोल के दाम बढ़ाये जिससे दिल्ली और कोलकाता में इसके दाम सौ रुपये प्रति लीटर के बेहद करीब पहुँच गये। मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल पहले ही इस स्तर के पार निकल चुका है। वहीं, डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया गया। देश के चार बड़े महानगरों में आज पेट्रोल 39 पैसे तक महँगा हुआ। अग्रणी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 35 पैसे बढ़कर 99.86 रुपये प्रति लीटर के अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुँच गई।

## मयंक और राहुल के बीच चयन होना चाहिए : दीप दासगुप्ता

**कोलकाता।** भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर दीप दासगुप्ता का कहना है कि अगर ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है कि शुभमन गिल को चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से बाहर रहना पड़ता है तो मयंक अग्रवाल और लोकेश राहुल के बीच चयन होना चाहिए। शुभमन का चोट के कारण चार अगस्त को होने वाले पहले टेस्ट में खेलना मुश्किल माना जा रहा है। इस बारे में भी चर्चा चल रही है कि भारतीय टीम बैकअप रख सकती है। हालांकि, भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने शुभमन की चोट को लेकर



आधिकारिक बयान नहीं जारी किया है। फिलहाल बस इतनी जानकारी है कि शुभमन को पैर में चोट लगी है।

दासगुप्ता ने कहा कि मयंक ओपनर के रूप में पहली पसंद होने चाहिए क्योंकि वह इंग्लिश वातावरण के अनुकूल हैं।

उन्होंने कहा, मयंक और राहुल के रूप में टीम के पास दो विकल्प हैं। मैं मयंक को पहली पसंद मानता हूं क्योंकि भले ही उन्होंने दो या तीन खराब पारी खेली हैं लेकिन ओवरऑल उनका टेस्ट करियर प्रभावित रहा है।

दासगुप्ता ने कहा, लोकेश राहुल कर्नाटक या भारत के लिए शीर्ष क्रम पर बल्लेबाजी करते आए हैं। लेकिन राहुल जिस तरह सीमित ओवर में खेलते हैं उनकी तकनीक बदल गई है और वह आक्रामक हो गए हैं। उनका आक्रामक तकनीक में सुधार हुआ है लेकिन डिफेंसिव तकनीक इतनी ज्यादा बेहतर नहीं है।

## अतिदेय सावधि जमा पर ब्याज की गणना के लिए आया नया मानदंड

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने नियमों में संशोधन किया है, जिसके अनुसार बैंकों के पास सावधि जमा (टीडी) की दावा न की गई परिपचता राशि पर बचत खातों पर लागू ब्याज दर या अनुबंधित दर पर ब्याज लगेगा। परिपच टीडी पर ब्याज, जो भी कम हो। वर्तमान नियमों के अनुसार, यदि कोई सावधि जमा परिपच होती है और आय का भुगतान नहीं किया जाता है, तो बैंक के पास दावा न की गई राशि पर बचत जमा पर लागू ब्याज दर लागू होगी। आरबीआई ने एक परिपत्र में कहा कि इन निर्देशों की समीक्षा करने पर यह निर्णय लिया गया है कि यदि कोई सावधि जमा (टीडी) परिपक्व होती है और आय का भुगतान नहीं किया जाता है, तो बैंक के पास दावा न की गई राशि पर बचत खाते पर लागू ब्याज दर या अनुबंधित ब्याज दर परिपच टीडी, जो भी कम हो। सहकारी बैंकों में सावधि जमा के मामले में भी ऐसा ही मानदंड होगा। केंद्रीय बैंक ने इस संबंध में सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों, छोटे वित्त बैंकों, स्थानीय क्षेत्र के बैंकों, प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंकों, जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों और राज्य सहकारी बैंकों को एक परिपत्र भेजा है। सावधि जमा एक निश्चित अवधि के लिए बैंक द्वारा प्राप्त ब्याज-असर वाली जमा राशि को संदर्भित करता है और इसमें आवर्ती, संचयी, वार्षिकी, पुनर्निवेश जमा और नकद प्रमाणपत्र जैसे जमा भी शामिल होंगे।

## रिलीज के कुछ घंटों बाद ही ऑनलाइन लीक हुई तापसी पन्नू की फिल्म हसीन दिलरूबा

पायरेसी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई होने के बावजूद पायरेसी पर लगाम लगती नहीं दिख रही है। तापसी पन्नू की फिल्म हसीन दिलरूबा 2 जुलाई को दर्शकों के बीच आई। निर्माता से लेकर निर्देशक और फिल्म में काम करने वाले सितारे तक इसकी रिलीज को लेकर बेहद उत्साहित थे कि इतने में ही फिल्म ऑनलाइन लीक हो गई। रिलीज के कुछ घंटों बाद ही फिल्म के ऑनलाइन लीक हो जाने से निर्माता बेहद परेशान हैं। आइए पूरी खबर जानते हैं।

नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई हसीन दिलरूबा तमिल रॉकर्स, टेलीग्राम और मूवी रूल्ज जैसी पायरेसी साइटों का निशाना बनी है। फिल्म का पायरेटड वर्जन फिल्मीवैप, ऑनलाइन मूवी वॉचेज, 123 मूवीज, 123 मूवी रूल्ज और फिल्मीजिला जैसी कई पायरेसी साइटों पर भी उपलब्ध है। यह फिल्म अब इन साइटों पर आसानी से डाउनलोड कर ॥ष्ठ प्रिंट में देखी जा सकती है। लीक होने के बाद लोग सर्च इंजन प्लेटफॉर्म पर हसीन दिलरूबा डाउनलोड जैसे कीवर्ड से सर्च कर फिल्म देख रहे हैं।




इससे पहले भी कई फिल्में और वेब सीरीज लीक हो चुकी हैं। पिछली बार विद्या बालन की फिल्म शेरनी इसका शिकार हुई थी। रिलीज के कुछ घंटों बाद ही पूरी फिल्म पायरेसी साइटों पर एचडी प्रिंट में दर्शकों के लिए उपलब्ध थी। मनोज बाजपेयी अभिनीत द फैमिली मैन 2 भी ऑनलाइन लीक हो गई थी। इससे पहले सलमान खान की फिल्म राधे पायरेसी की भेंट चढ़ी थी, जिसके बाद पायरेसी करने वालों पर एक्शन भी लिया गया था।

यह एक मर्डर मिस्ट्री फिल्म है, जिसमें तापसी के साथ विक्रांत मैसी और अभिनेता हर्षवर्धन राणे नजर आ रहे हैं। अभी तक तो फिल्म को दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। हसीन दिलरूबा का निर्देशन विनील मैथ्यू ने किया है, जबकि आनंद एल राय और हिमांशु शर्मा फिल्म के निर्माता हैं।

## आज का राशिफल

*मेष :* विद्यार्थी वर्ग सफलता अर्जित करेगा। पठन-पाठन में मन लगेगा। दूर यात्रा की योजना बन सकती है। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा।

*वृषभ :* वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी के व्यवहार से क्लेश हो सकता है। पुराना रोग उभर सकता है। दुःखद समाचार मिल सकता है, धैर्य रखें।

*मिथुन :* आज धन का निवेश न करें। शत्रु नतमस्तक होंगे। विवाद को बढ़ावा न दें। प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

*कर्क :* लेन-देन में सावधानी रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। परिवार में तनाव रह सकता है। शुभ समाचार मिलेंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

*सिंह :* रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

*कन्या :* अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। किसी विवाद में उलझ सकते हैं।

*तुला :* बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। व्यापार-व्यवसाय में लाभ होगा।

*वृश्चिक :* नई आर्थिक नीति बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा।

*धनु :* बेचैनी रहेगी। चोट व रोग से बचें। काम का विरोध होगा। तनाव रहेगा। कोर्ट व कचहरी के काम अनुकूल होंगे। पूजा-पाठ में मन लगेगा।

*मकर :* आज धन का निवेश न करें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद से क्लेश संभव है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें।

*कुंभ :* कष्ट, भय, चिंता व बेचैनी का वातावरण बन सकता है। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। मातहतों से संबंध सुधरेंगे।

*मीन :* कुबुद्धि हावी रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। भूमि, भवन, दुकान व फैक्टरी आदि के खरीदने की योजना बनेगी। रोजगार में वृद्धि होगी।

## हंसल की फिल्म से शशि के पोते जहान करेंगे डेब्यू, परेश के बेटे भी आएंगे नजर

फिल्मी कलाकारों के बच्चों ने भी बॉलीवुड में अपनी मेहनत के दम पर अलग मुकाम हासिल किया है। मौजूदा दौर में कई स्टार किड्स फिल्म जगत में अपने अभिनय का जौहर दिखा रहे हैं। अब जानकारी सामने आ रही है कि महान फिल्म अभिनेता शशि कपूर के पोते जहान कपूर हंसल मेहता की आगामी फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू करेंगे। साथ ही इस फिल्म में दिग्गज अभिनेता परेश रावल के बेटे आदित्य रावल भी नजर आएंगे।

रिपोर्ट के मुताबिक, स्कैम 1992 के निर्देशक हंसल मेहता



की अगली फिल्म में शशि के पोते जहान और परेश के बेटे आदित्य नजर आने वाले हैं। एक सूत्र ने कहा, फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है और दोनों कलाकार इस प्रोजेक्ट को लेकर उत्साहित हैं। फिल्म की पूरी कास्ट और क्रू-मेंबर्स मुंबई के फाइव स्टार होटल सबरबन में रुकी हुई है। यहां इस फिल्म की शूटिंग बायो बबल में हो रही है।

अभी इस फिल्म का शीर्षक निर्धारित नहीं किया गया है। फिल्म को अनुभव सिन्हा और भूषण कुमार प्रोड्यूस करेंगे। बताया जा रहा है कि यह अनटाइटल फिल्म एक सच्ची घटना से प्रेरित होगी। फिल्म से संबंधित विस्तृत जानकारी को उजागर नहीं किया गया है। जहान और आदित्य दोनों ही थिएटर के मंझे हुए कलाकार हैं। जहान अपने पिता कुणाल कपूर और चाची संजना कपूर द्वारा चलाए जाने वाले पृथ्वी थिएटर का भी हिस्सा हैं।

## एक्ट्रेस सिधिका शर्मा करने जा रही है मूवी फुफ्फड़ जी से पंजाबी फिल्म में डेब्यू

अभिनेत्री सिधिका शर्मा पॉलीवूड इंडस्ट्री में कदम रखने जा रही है, डायरेक्टर पंकज बत्रा की फिल्म फुफ्फड़ जी से पंजाबी फिल्म में डेब्यू करेंगी जिसमे वो गुरनाम भुल्लर, बिन्नू धिल्लॅन ,और अलंकृता सहाई के साथ नज़र आएँगी

सिधिका शर्मा भले ही पंजाबी फिल्म से डेब्यू करेंगी लेकिन वो पंजाबी इंडस्ट्री में नई नहीं है, इससे पहले वो कई पंजाबी गानो में नज़र आ चुकी है। अभिनेत्री सबसे पहले न जी न गाने में हार्डी संधू के साथ नज़र आयी थी, जिसके



बाद उन्होंने फुलकारी और हालही में ओमकार कपूर के साथ सौ सौ वरी में अपनी कमाल की अदायिकी से सभी के दिलों में घर कर चुकी है। दिल्ली की रहने वाली अभिनेत्री सिधिका खुद एक पंजाबी फॅमिली से है, और अपनी आने वाली मूवी को लेकर ख़फ़ी उत्सुक है।

## घर पर बनाएं स्वादिष्ट पनीर की जलेबी

### सामग्री :

1 कप पनीर, 1/2 टीस्पून केसर के धागे, 1/4 कप मैदा, 1.5 कप चीनी, आवश्यकतानुसार शुद्ध घी जलेबी तलने के लिए मेवा और चांदी का वर्क सजाने के लिए

### विधि :

सबसे पहले थोड़े से पानी में केसर भिगोएं। फिर मैदा में थोड़ा सा पानी मिलाएं और गुठलियां खत्म होने पर इसमें थोड़ा और पानी मिलाकर 4-5 मिनट तक फेंटें। ध्यान रहे घोल इतना गाढ़ा हो कि चम्मच से धार की तरह कड़ाही में गिरा सकें। तैयार घोल को ढककर किसी गरम जगह पर 1 घंटे के लिए रख दें। इससे मैदा फूलकर सेट हो जाएगा। अब किसी बर्तन में एक कप से थोड़ा ज्यादा पानी लें और उसमें चीनी डालकर एक तार की चाशनी बनाएं। चाशनी तैयार होने पर उसमें केसर का पानी मिक्स करें। अब जलेबी का बैटर बनाएं। इसके लिए थाली में पनीर लें। उसमें 1 टेबलस्पून दूध मिलाएं और



हथेली से मसल-मसलकर पनीर को चिकना करें। अब एक बर्तन में मसला हुआ पनीर और मैदे का घोल लें और इस मिश्रण को एकसार होने तक फेंटते रहें। इसके बाद जलेबी के बैटर को एक कोन में भर लें और कड़ाही में घी गर्म होने रख दें। कोन को हाथ से दबाते हुए गर्म घी में गोल-गोल जलेबियां बनाएं और धीमी व मध्यम आंच पर उन्हें दोनों ओर से गोल्डन ब्राउन होने तक तलें। फ्राइड जलेबियां निकालकर चाशनी में डालें। लगभग 2 मिनट तक चाशनी से जलेबियां निकालकर प्लेट में रखें। मेवा और चांदी के वर्क से सजाकर सर्व करें।

## शब्द सामर्थ्य- 131

**बाएं से दाएं**

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

**ऊपर से नीचे**

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पाचंवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक130 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | ज | य | | ब | नि | या | | दे |
| वा | | ती | त | र | | रा | जी | व |
| ह | मा | म | | स | प | ना | | ता |
| | न | | | | टा | | | |
| दा | व | त | | वि | ना | श | | अ |
| य | | ह | त्या | | | ह | र्जा | ना |
| रा | ह | त | | न | ज | र | | व |
| | वा | | | | मी | | ना | श्य |
| दु | ला | रा | | जा | न | की | | क |

## सू-दोकू- 131



**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक ग... सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.130 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |